भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 153**
उत्तर देने की तारीख 03.02.2025

**साहित्य अकादमी संगोष्ठी**

153. **श्री देवुसिंह चौहान :**
**श्री जगदम्बिका पाल :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 2024 में "लिटरेरी एंड आइडियोलोजिकल पीरियोडिकल्स" विषय पर साहित्य अकादमी संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य क्या है;

(ख) सरकार का देश में विशेषकर साहित्य अकादमी जैसे मंचों के माध्यम से क्षेत्रीय साहित्य के विकास के लिए भावी पहलों को किस प्रकार सहायता प्रदान करने का विचार है; और

(ग) क्या चर्चा किए गए विषयों की और अधिक खोज करने के लिए संगोष्ठी के परिणामस्वरूप कोई अनुवर्ती कार्यक्रम या प्रकाशन होंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): साहित्य अकादमी की विचार-गोष्ठी "लिटरेरी एण्ड आइडियोलोजिकल जर्नल्स इन मराठी" मराठीतिल वांग्मयिन आणि वैचारिक नियतकालिके का आयोजन 28 दिसंबर 2024 को विदर्भ साहित्य संघ के सहयोग से नागपुर, महाराष्ट्र में किया गया। विचार-गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मराठी में साहित्यिक पत्रिकाओं के इतिहास और परंपरा, वर्तमान स्थिति और चुनौतियों तथा नए अवसरों और भविष्य पर चर्चा करना था।

(ख): भारत सरकार भारत के साहित्य को संरक्षित, संवर्धित और समृद्ध करने में कार्यरत है। साहित्य अकादमी बड़ी मात्रा में सामग्री प्रकाशित करती है, अनेक पुरस्कार और अनुदान प्रदान करती है, अपने द्वारा मान्यता प्राप्त सभी 24 भाषाओं में अनेक कार्यक्रम, संगोष्ठी, कार्यशालाएँ, व्याख्यान, विचार-गोष्ठियां, वाचन, चर्चाएँ और प्रदर्शन आयोजित करती है।

(ग): "लिटरेरी एण्ड आइडियोलोजिकल जर्नल्स इन मराठी" पर विचार-गोष्ठी से संबंधित कार्यक्रमों/प्रकाशनों का निर्णय साहित्य अकादमी के मराठी सलाहकार बोर्ड द्वारा लिया जाता है, जो साहित्य अकादमी का सतत कार्यकलाप है।